दिन नहीं रहिता॥ जैसे लोहे कों लोहा काटता है॥ तैसे भावना कों भावना काटती है॥ ता
तें अनन्त छ पदार्थ जो निरूपाधि निरंशरूप है तिसकों आश्रय करो॥ जब तिसकी भाव
ना दृढ होवेगी॥ तब भ्रमतें रहित सिद्धपद की प्राप्ति होवेगी॥ हे रामजी तेरा स्वरूप आत्मा
है॥ तूं क्षुधादिकों की कल्पना मत करु॥ जैसे कुशूल विषे बालक कों कहीये जो सिंह
है॥ तो उह भयमान होता है॥ तैसे अनशरीर विषे अहंबुद्धि होती है॥ तब भय कों प्राप्त
होता है॥ जैसे शून्य महर विषे देखनेसें जन नहीं पाईता॥ तैसे शरीरादिकों विषे विचा
रनेतें धन ही पाईता पद में हो पद पद है॥ इत्यादिक कल्पना जो आत्मा विषे होती है॥
सो ऐसी है॥ जैसे बालक कों अपणी पछांवे विषे वैताल कल्पना होती है॥ इस जीव कों
अपणी कल्पना के वशितें भाव अभाव शुभ अशुभ लाभ अलाभ विषे पडे भासहोते हैं
को उसत रूप भासते हैं॥ कोऊ असत रूप भासते हैं॥ जैसी जैसी भावना होती है॥ तैसे
भासत है॥ परस्त्री होती है॥ अरु उस विषे काम बुद्धि होती है॥ तब स्पर्शादिक वा विके
खीवन आनंददायक होती है॥ अरु जो इस्त्री होती है॥ तिस विषे जब माता भावना करी
ती है॥ तब तिस विषे काम भावना जाती रहिती है॥ तातें तूं देख जैसी जैसी भावना
होती है॥ तैसे होइ भासत है॥ भावना के अनुसार इसकों फल होता है॥ तातकाल ति
सी आकार होइ देखता है॥ ऐसा पदार्थ कोऊ नहीं जो सतत ही॥ अरु ऐसा कोऊ नहीं
जो असत तत ही॥ जैसे जैसे किसी निश्चय कीया है॥ तिसकों तैसा ही भासता है॥ तातें
इस संसार की भावना कों त्याग करि स्वरूप विषे स्वस्थ होवे॥ हे रामजी मन विषे जो
प्रतिबिंब पडता है॥ तिसके दूर करने कों समर्थ मन नहीं होता॥ तूं तौ चैतन्य रूप है
आत्मा है॥ तिस विषे जो दृश्य का प्रतिबिंब पडता है॥ तूं तिसकों त्याग करु॥ जैसे त्याग
तौ से कल्प दृश्य का उदै॥ तिसकों असत रूप जाण करि त्याग देउ॥ अरु अहंता अवहार
ज्ञान प्राप्त होवे॥ तिसकों करु॥ परमात्मा की न्याईं अंतरतें रजतम न हो॥ जैसे प्रति
बिंब वाह्य दृष्ट आवता है॥ पर अंतर रंग नहीं चढता॥ तैसे वाह्य दृष्ट व्यवहार तेरे वि
षे भासे॥ अंतर राग द्वेष स्पर्श न करे॥ ३॥ इति श्री स्थितिप्रकरणे विज्ञानकुंदोलासमसर्ग
व सिहिवा ॥ हे रामजी जब जीव कों संतों के संग अरु सत शास्त्रों के संग करि वि
चार उपजता है॥ तब अबाहर कों रतें हत उपरत होजाती है॥ अरु संसार दृश्य का मन
न निवर्त होता है॥ विवेक रूप बुद्धि आन उदै होती है॥ तब संसार दृश्य की त्याग बुद्धि
होती है॥ दृष्टा आत्मा विषे प्रीतीकार बुद्धि होती है॥ दृष्टापद मगन होता है॥ दृश्य
जो है सो अदृश्यपना कों प्राप्त होती है॥ अर्थ यह जो दृष्टा कों लक्ष करि दृश्य कों अ
सत रूप जाणता है॥ उह पुरुष ज्ञानेत्य होता है॥ तब परम तत्व विषे जागता है॥
अरु संसार की ओरतें शयन सुषुप्त मूर्छकवत होजाता है॥ संसार की ओरतें वैराग अरु
भोगों विषे अभोग रसों विषे नीरस बुद्धि उपजती है॥ जब ऐसी बुद्धि दृढ हुई॥ तब
मन अपणी सत्ता त्याग करि आत्म रूप होता है॥ जैसे वर्फ का पुतला सूर्य के ते
जसों जल रूप होजाता है॥ जब मन विषे संसार की सतता होती है॥ तिस पुरुषों क
विजई भागी मन होता है॥ जब विवेक रूपी सूर्य उदै होता है॥ तब मन गल करि आ
त्म रूप होजाता है॥ जैसे जब लग मरुस्थल विषे धूप होती है॥ तब लग मृ
गतृष्णा की नदी नष्ट नहीं होती॥ जब वर्षा होती है॥ तब नष्ट होजाती है॥ तैसे
जब लग संसार की सत्यता मन विषे होती है॥ तब लग मन नष्ट नहीं होता॥ जब
ज्ञान की वर्षा होती है॥ तब दृश्य संयुक्त मन नष्ट होजाता है॥ हे रामजी संसार रू
पी वासना का जाल है॥ तिस विषे जीव रूप पक्षी फसे हैं॥ जब वैराग रूप प्रहार
सकों तुन वजाता है॥ तब जीव निर्वंध होता है॥ जैसे ममल नेत जल विषे निर्मल लीउ

वेतें जल निर्मल होता है॥ जब जीव तौ रागनिरुपाधि संग होता है॥ अरु राग द्वेष मोह तें रहि
त होता है॥ तब जैसे पिंजरे के टूटे तें पक्षी निर्वंध होता है॥ तैसे जीव निर्वंध होता है॥ सदेह कों
जाइ मेंतत है॥ सो शांत होजाती है॥ जगत भ्रम नष्ट होजाता है॥ अंतर शीतल होजाता है॥ जैसे पू
र्णमासी का चंद्रमा शोभता है॥ तैसे ज्ञानवान शोभता है॥ सर्व तें उत्तम सौंदर्यता कों प्राप्त
होता है॥ उद्वेग राग द्वेष नष्ट होते हैं॥ अरु सर्व कों समता भाव आन वर्तता है॥ कुतर्ता अ
रु विशेषता भावन नष्ट होजाता है॥ जैसे पवन तें रहित समुद्र सो म अचल रूप होता है॥
तैसे असंग पुरुष सकल उद्वेग कर्म की वासना तें रहित अचल होता है॥ उस सर्व चेतन्य प्र
काश करि देख्या है॥ बुद्धि विवेक करि के तिस की प्रफुलता होआवती है॥ जैसे सूर्य के उदै हु
ए सूर्यमुखी कमल प्रफुलित होता है॥ उह पुरुष परमलताकी करि ऐसे शोभता है॥ जैसे पू
र्णमासी का चंद्रमा शोभता है॥ अवर विशेषक करिया है॥ ज्ञान ज्ञेय ज्ञाता पुरुष है॥
सो आकाशवत होजाता है॥ न उदै होता है॥ न अस्त होता है॥ विचार करि के जिसने आत्म
तत्त कों जाण्या है॥ सो तिस पद कों प्राप्त होता है॥ जहां व्रह्मा विष्णु रुद्र स्थित है॥ सर्व श्रम
परम श्रम न होते हैं॥ अरु दृश्याकार उसका भासता है॥ पर अंतर अहंकार तें रहित होता
है॥ विकल्पा के सो हुए तिसकों खेच नहीं सकते॥ जैसे जल का अभाव जाण नहारे कों मृ
गतृष्णा की नदी खेच सकती॥ हे रामजी आवर भाव प्रकृति भाव रूप जो संसार है॥ तिस
कों रमणीक जाण करि ज्ञानवान विरत नहीं पावता॥ न देह के नाश विषे अपणा नाश मान
ता है॥ न उपजणे विषे उपजा मानता है॥ जैसे घट उपजे तें आकाश नहीं उपजता का है तें जो
आगे सिद्ध है॥ अरु घट अभाव तें आकाश अभाव नहीं होता॥ तैसे देह के उपजे तें आत्मा न
हीं उपजता॥ देह के नष्ट हुए नष्ट नहीं होता॥ जब ऐसा विवेक उदै होता है॥ तब वासना
का जाल नष्ट होजाता है॥ कोऊ भ्रम नहीं रहिता॥ जैसे मृगतृष्णा की नदी का ज्ञान करि
अभाव होजाता है॥ जब लग इसकों यह विचार नहीं उपजता॥ जो मैं कवण हों॥ अरु ज
गत क्या है॥ तब लग संसार रूप अविकार रहिता है॥ जो पुरुष ऐसे जाणता है॥ जो संसार
मिथ्या भ्रम करि उदै हुआ है॥ परम अपदा का कारण देह है॥ अनात्म रूप है॥ आत्मतें भिं
न कीया यह जगत कछु नहीं॥ सर्व आत्मसत्ता करि कें स्थित है॥ जो ऐसे देखता है॥ सो
ई यथार्थ देखता है सर्व चेतन्य सत्ता है॥ मैं अनंत चिदाकाश स्वरूप हों॥ देश काल वस्तु के
परिछेद तें रहित हों॥ आधि व्याधि भय उद्वेग जरा मरण जन्मादिक विकारों संयुक्त जो
जगत देह है॥ सो मैं नहीं॥ ऐसे जो देखता है॥ वहु इसमें कोंसा है॥ एक केश के अग्र अग्र काल त
भाग करीये॥ वहुर एक भाग का कोट भाग करीये॥ ऐसा सूक्ष्म में सर्व व्यापी हों॥ ऐसे
जो देखता है॥ सोई देखता है॥ मैं सर्व शक्ति अनंत आत्मा हों॥ सर्व भाव पदार्थों विषे स्थित मैं
अद्वैत चिदादित्य हों॥ जो ऐसे देखता है॥ सो देखता है॥ अधः ऊर्ध्व मध्य सर्व विषे मैं व्याप्य
हों॥ मुझ तें इतर द्वैत कछु है ही नहीं॥ जो ऐसे देखता है॥ सो देखता है॥ जैसे सूत्र के विषे मणा
के पोये होते हैं॥ तैसे सर्व मुझ करि अनुस्यूत है॥ ऐसे जो देखता है॥ सो देखता है॥ न मैं हों
न यह जगत है॥ केवल आत्मसत्ता स्थित है॥ सत असत के मध्य जो एक देव प्रकाश है॥
त्रिलोकी विषे सो मैं॥ एक अविनाशी पुरुष हों॥ जैसे समुद्र विषे तरंग फुरते हैं॥ तैसे मे
रे विषे जगत फुरते हैं॥ अरु लय होते हैं॥ ऐसे देखता सो देखता है॥ प्रथम अहं है॥ त
व पाछे दृश्य जगत होता है॥ सो न मैं हों न जगत है॥ केवल एक आत्मसत्ता है॥ अहं अ
रु मन तिस विषे कोऊ नहीं ऐसे जो देखता है॥ सो देखता है॥ मैं दृश्यतें रहित चेतन्य
स्वरूप अपार हों॥ जगत जाल कों पूर्ण करि रहा हों॥ ऐसा जो देखता है॥ सो देखता है॥
जो पुरुष ज्ञानवान है॥ सो सुख दुःख भाव अभाव विषे चलाइमान नहीं होता॥ केव
ल स्वरूप विषे स्थित होत है॥ अवर जगत की भावना तें रहित तर्क सों रहित अनाभा
स सन्मात्र रूप है॥ जो हेय उपादेय बुद्धि तें रहित आकाशवत सर्वात्म भाव विषे
स्थित भया है॥ कोऊ पदार्थ जगत का उसकों अपणे वशि नहीं करि सका॥ सो महा
त्मा पुरुष सदेह तमप्रकाश तें रहित है॥ सर्व कलना तें मुक्त॥ सम स्वच्छ रूप है॥ उ

दे अरु तिनतें रहित मम हृत है जिसको ॥ ऐसा जो अनंत स्वरूप परम बोध आत्मसत्ता है ॥
तिसकों मेरा नमस्कार है ॥ इति श्री स्थितिप्रकरणे अनंतपद विश्रांत स्वरूप नाम स ॥ गं॰
वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामजी उत्तमपद का जिसने आश्रय कीया है ॥ ऐसा जो जीवन्मुक्त पुरु
ष है ॥ कैभकार के वज्रवत घार वध तिसकी पीर रही है ॥ सो पुरुष शरीर रूप नगर वि
षे राज करता है ॥ अरु लिपायमान नहीं होता ॥ तिसकों भोग अरु मोक्ष दोनों सिद्ध होते
हैं ॥ जैसे इंद्र का वन स्वस्वरूप है ॥ तैसे उसका शरीर रूपी नगर स्वस्वरूप हो जाता है ॥ श
रीर के सुख सें प्रसन्न नहीं होता ॥ अरु शरीर के दुःख करि दुःखी नहीं होता ॥ आपणे स्व
रूप विषे स्थित रहिता है ॥ राम उवाच ॥ हे महामुने सुर शरीर रूप नगर कैसा है ॥ अरु इ
स विषे रहि करि योगीराज कैसे करते हैं ॥ अरु सुख कैसे भोगता है ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे राम
जी ज्ञानी का शरीर रूप नगर रमणीक होता है ॥ सर्व गुणों से प्रसन्न ज्ञानवान कों अने
त आनंद विलास दिखावता है ॥ जैसे सूर्य प्रकाश कों उदे करता है ॥ अब तिस नगर का
स्वरूप लक्षण श्रवण करु शरीर विषे जो गाठी हैं ॥ सो इहां हैं अरु रुधिर मांस गारे के
स्थान हैं ॥ अस्थल कडी थांभ हैं ॥ अरु पर किवाट हैं ॥ रोम वनासपती हैं ॥ उदर खान है ॥ छाती
चौक है ॥ नव द्वार हैं ॥ तिन विषे नेत्र झरोखे हैं ॥ जिस द्वार करि त्रिलोकी का प्रकाश होता है ॥ हे
लगाली हैं ॥ जिस करि लेता देता है ॥ मांटे वडीं कंध हैं ॥ ग्रीवा सीस वडे मंदर हैं ॥ अरु रेखा माल
हैं भिंन भिंन लगी हुई ॥ अरु नाडी विभाग करणे के स्थान हैं ॥ प्राणादिक वायु करि जीव वि
चर्ते हैं ॥ नाडी विषे आत्म चिंतारूप श्रेष्ट इस्त्री तासों रहिती है ॥ अरु श्रेष्ट बुद्धि इंद्रियां रूपी वांदर
वां धक्षों हुई है ॥ हास रूप तिसका महा मंदर पुष्प है ॥ ऐसा शरीर रूपी पुरुष ज्ञानवान कों म
हा सुख के निमित है ॥ सौभाग्य मंदर रूप है ॥ शरीर के सुख दुःख करि ज्ञानवान सुखी दुः
खी नहीं होता ॥ हे रामजी जो अज्ञानी है तिनकों शरीर रूपी नगर अनंत दुःखों का भंडार है
अज्ञान करि कै शरीर के नष्ट हुए आप कों नष्ट होता मानते हैं ॥ अरु ज्ञानी इसके नाश हुए
नाश नहीं होता ॥ जब लग रहिता है ॥ तब लग शब्द स्पर्श रूप रस गंध कों ग्रहण करता है
इष्ट रूप होइ करि भासते हैं ॥ अरु शरीर रूप नगर विषे अमनें रहित निहकंटक राज्य क
रता है ॥ लोभ तें रहित है इस कारण तें शत्रुओं का छुले तान हीं ॥ अरु उसकों आपणे स्थान वि
षे आवणे देता नहीं ॥ शत्रु कवण हैं ॥ अज्ञान ही शत्रु है ॥ काम क्रोध मान मोहादिक अज्ञान
का देश है ॥ तिन विषे आप प्रवेश नहीं करता ॥ अरु आपणे देश विषे तिसकों आवने नहीं दे
ता ॥ सावधान ही रहिता है ॥ आपणा देश कवण है ॥ उदारता अरु धीर्य संतोष वैराग्य सत्ता
मैत्री ज्ञान का देश है ॥ तिन विषे अज्ञान कों प्रवेश करणे नहीं देता ॥ अरु आप ध्यानरूप
नगर विषे रहिता है ॥ सत्यता अरु एकता दोनों इस्त्रीयों कों संग राखता है ॥ तिन करि सदा
शोभाइमान रहिता है ॥ जैसे चंद्रमा चित्रा अरु विशाखा दोनों इस्त्रीयों करि शोभता है ॥ तैसे
ज्ञानवान सत्यता अरु एकता करि शोभता है ॥ अरु मन रूपी अश्व पर आरूढ होइ करि तीर्थों के
इस्नान कों गमन करता है ॥ विचार रूपी तिस लगाम राखता है ॥ अरु जीव ब्रह्म की एकता रू
पी संगम तीर्थ विषे स्नान करता है ॥ तातें सदा आनंदमान रहिता है ॥ अरु जीव ब्रह्म की एक
ता रूपी संगम तीर्थ विषे स्नान करता है ॥ तातें सदा आनंदमान रहिता है ॥ भोग अरु मोक्ष दो
नों करि संपन्न होता है ॥ जैसे वृक्ष अपणे पुष्प विषे शोभता है ॥ तैसे ज्ञानवान देह विषे शो
भता है ॥ जैसे घट के फूटे तें आकाश की कछु हानता नहीं होती ॥ तैसे देह के नष्ट हुए ज्ञानी
की कछु हानता नहीं होती ज्यों का त्यों ही रहिता है ॥ जो देह होती है ॥ तो भी तिसका घट स्पर्श
नहीं करता ॥ जैसे घट कों आकाश स्पर्श नहीं करता ॥ सर्व क्रिया कों करता अरु भोगता भी है ॥
पर किसी करि लेप नहीं पावता ॥ सदा एक रूप भगवान आत्मदेव इस विषे वसता है ॥
जब विवान पर आरूढ होइ करि शरीर रूपी नगर विषे विचर्ता है ॥ तब मैत्री रूप नेत्र सा
थ सर्व कों देखता आनंद स्थित होता है ॥ मैत्री भाव सदा तिसके हिदे विषे रहिता है ॥ सत
ता अरु एकता सदा तिसके समीप हैं ॥ तिन करि शोभता सदा आनंदमान विचर्ता है ॥

अरु जीवों कों दुःख रूप आगे माथ का टीला देखता है ॥ जैसे कोउ पर्वत पर आरूढ आप स्थि
रु पृथ्वी पर लोकों जलता देखे ॥ आप आनंदमान होवे ॥ तैसे ज्ञानवान जीवों कों दुःखी देखक
रि आनंदमान होता है ॥ उसकी दृष्टि विषे तो सदा अद्वैत रूप है ॥ पर आप आनंद की अपेक्षा क
रि अज्ञान मध्य मो जीवों कों दुःखी देखता कहीता है ॥ उसके निश्चय विषे न जगत जीव कोऊ नहीं
अरु चतुर्थ प्रयोजन धर्म अर्थ काम मोक्ष तिसके पूर्णता कों प्राप्त भये हैं ॥ किसी के रचे उ
स कों वंछता नहीं ॥ सर्व संपदा सें पूर्ण विश्राममान होता है ॥ जैसे पूर्णमासी का चंद्रमा न्यून
ता तें रहित विराजता है ॥ यद्यपि भोगों कों सेवता है ॥ तो भी तिसकों दुःखदाइक नहीं होते
जैसे काल कूट विष कों सदाशिव पान कीया ॥ पर दुःखदायक तिनकों न भयो ॥ तैसे उ
द भी समर्थ है ॥ तातें भोग दुःखदायक नहीं होते ॥ जैसे चोर कों जाण्या ॥ अरु अपणा वशि
वर्ती कीया तब मित्रभाव हो जाता है ॥ तैसे उसकों भोग दुःख नहीं देते ॥ जब भोगों कों जा
णीता है ॥ जो हरु कछु वस्तु नहीं ॥ तब सुख का कारण होते हैं ॥ जब लग इनकों सत जा
णा करि आसक्त होता है ॥ तब लग दुःख का कारण होते हैं ॥ हे रामजी जैसे कोउ यात्रा कों जा
ता है ॥ एक मार्ग विषे इस्त्रीयां पुरुष मिलते हैं ॥ वन विषे पकडावे रमण अरु चलणा भी हो
ता है ॥ परंतु परस्पर आशक्त नहीं होते ॥ आगे पाछे चले जाते हैं ॥ तैसे ज्ञानवान संसार
के पदार्थों विषे चित कों नहीं लगावता ॥ अरु जैसे कोउ कामना पर्यो इ किसी देस कों जा
ता है ॥ अरु मार्ग विषे कोई सुंदर रमणीक स्थान आवते हैं ॥ कोई मलन कष्ट के स्थान भा
सते हैं ॥ अरु राग द्वेष किसी विषे नहीं करता ॥ जैसे कैसे देखता चल्या जाता है ॥ तैसे ज्ञान
वान भोग क्रिया विषे उदासीन होता है ॥ इंद्रियां के इष्ट अनिष्ट पदार्थों विषे राग द्वेष क
रि चलाइमान नहीं होता ॥ जैसे मेरु के पुछ करि पर्वत चलाइमान नहीं होता ॥ सर्व संश
य तिसके सम्यक ज्ञान करि शांत हो जाते हैं ॥ कोउ पदार्थ उसकों आश्चर्य कौतक नहीं
देखाई देता ॥ वासना के समूह नष्ट हो जाते हैं ॥ चक्रवर्ती राजा की न्याई शोभता है ॥ पर
पूर्ण होइ करि स्थित होता है ॥ जैसे क्षीर समुद्र अपणे आप विषे पूर्ण होता है ॥ तैसे ज्ञान
वान अपणे आप विषे पूर्ण समावता नहीं ॥ हे रामजी इस जीव कों भोगों की इच्छा दी
न कर्ती है ॥ तिस करि आत्मपद तें गिरते हैं ॥ अरु आत्मपद विषे परम रूप कृपण हो जाते हैं
तिनकों देखकरि उत्तम पद आले वी हसते हैं ॥ तो इह मिथ्या दीनभाव कों प्राप्त हुए हैं ॥
जैसे स्वामी होइ करि इस्त्री के वशि होवे ॥ इस्त्री स्वामी की न्याई होवे ॥ अरु भरता दीन
हो जावे ॥ तो लोक उसकों देखकरि हसते हैं ॥ तैसे ज्ञानवान भोगों की त्रिस्ना वालेयों कों
देखकरि हसते हैं ॥ केवल मन ही परम मित्रता है त्यों तें जीवों कों गिरावता है ॥ तातें मन
रूपी हस्ती कों विचार रूपी अंकुस संग वशि करे ॥ तब सिद्ध पद कों प्राप्त होवे ॥ जिसका
मन विषयों की ओर धावता है ॥ सो संसार रूप विष का बीज पडा बोवता है ॥ तातें प्रथ
म इस मन कों ताडना करे ॥ तब शांत की प्राप्त होवे ॥ जो मानी होता है ॥ अरु उसकी मान
करीती है ॥ तब उह कछु उपकार नहीं मानता ॥ जब प्रथम उसकों ताडना करीती है
तब पाछे अल्प उपकार कीये तें भी प्रसन्न होता है ॥ जैसे थाल जल करि पूर्ण होते हैं ॥ तो ज
ल के मेघ वर्षा करि उनकों उपकार नहीं होता ॥ अरु जो जेठ आषाढ की धूप करि तप्त हो
रहिते हैं ॥ तब थोडा जल मेघ वर्षा भी उनकों प्रसन्नता वन होता है ॥ तैसे जो प्रथम सनमान क
न मान करीये तो मित्र भाव नहीं होता ॥ अरु जब ताडना करि कै पाछे सनमान करी
येगा ॥ तब उपकार मान करि मित्र भाव होइ रहेगा ॥ सो ताडना करणी का है ॥ विषयों तें
संजम करावणा ॥ संजम करि कै निरमान हूआ तब उसका सनमान करणा ॥ जो सं
सार के पदार्थों विषे वरतावणा ॥ तब शत्रुभाव कों त्याग करि मित्र हो जाता है ॥ जैसे व
र्षा काल विषे नदी जल करि पूर्ण होती हैं तिन विषे जल का उपकार नहीं होता ॥ शरद का
ल विषे जल का उपकार होता है ॥ जैसे राजा कों जो अवरदेश का राज प्राप्त होवे ॥ तब उ

इसकुं प्रसन्नताको प्राप्त नहीं होता॥ जो प्रथम वैरी स्थान विषे जारीये॥ अरु पाछे एक ग्राम
दीजीये॥ तो तिसकरिभी प्रसंन नहीं होजाता है॥ तैसे जब प्रथम मनकों ताडना करीये॥ तब पा
छे अल्पसनमानकरिभी सुखदायक होता है॥ तातें हे रामजी प्रथम लंमी इकरि अरु दंतों सा
थ दंत मिलाइकरि ओ गोसों अंगकों दबाइकरि इंद्रियां रूपी शत्रुओं कों जीतो॥ इस पुरुषके रिदे वि
षे मनरूपी सर्प कुंडल मारके बैठा है॥ अरु कलनारूप विषेकरि पूर्ण है॥ जिस पुरुषने उस
कों मर्दन कीया है॥ तिसकों मेरा बहुत नमस्कार है॥ उदय ही विभूत करि शोभता है॥ इति श्री
स्थि॰ त॰ प्रकरणे शत्रु रनगा॰ वनो नाम सर्गः॥ वसिष्ठ उवाच॥ हे रामजी अज्ञानी जीव मू
ढ मनकों विषे प्राप्त होते हैं॥ आशा रूपी वासनों की पांशुलाका लगाती है॥ इंद्रियरूप श
त्रु इसकों मारते हैं॥ इंद्रिय बडे अकृतघन हैं॥ जिस देहके आश्रय रहते हैं॥ तिसीकों शो
क अरु इछाकरि पूर्ण करते हैं॥ अरु महा दुःखदायक भंगुर हैं॥ इनकों तुम जीतो॥ इंद्रिय
मनरूपी इलपती है॥ जब विषय नहीं होते॥ तब क्रोधकों उठती है॥ जब विषय आनप्रा
प्त होते हैं॥ तब तीनेकों आनि गिरती हैं॥ जिस पुरुषने विवेकरूपी जालकाप्रदुन कीया
या है॥ तिसकों एह भोजन नहीं करि सका॥ जैसे पाषाणके कमलकों हस्ती नहीं भोज
न करि सका॥ हे रामजी एह भोग अप्रमाण रमणीय हैं॥ अंत्य नीरस हैं॥ जो पुरुष इन विषयों
का कर्ता है॥ सो अगनि नरकों कों प्राप्त होता है॥ जो पुरुष ज्ञानधन करि संपन्न है॥ अरु देह रू
पी देश विषे रहता है॥ सो परमशोभाकों पावता है॥ अरु आनंदमान होता है॥ काहेतें जो
इंद्रियरूप शत्रु तिसने जीते हैं॥ बडे ऐश्वर्य करि संपन्न घर विषे बसता है॥ ऐसे सुख
हों न रही प्राप्त होता है॥ जैसा सुख निर्वासी मनज्ञानवानकों होता है॥ जो अपने आपही
र आनंद विषे रहिता है॥ जिस पुरुषने इंद्रियअरु मनरूप शत्रु जीते हैं॥ सो परमशोभाक
रि शोभता है॥ जैसे हिमरितु कों जीतनकरि बसंतरितु विषे मंजरी शोभते हैं॥ जिस पुरु
षके चित्तका गर्व नष्ट भया है॥ अरु इंद्रियरूपी शत्रु जीते हैं॥ तिसकी भोगवासना न
ष्ट होजाती है॥ जैसे शीतकाल विषे पद्मनी नष्ट हो जाती है॥ हे रामजी वासनारूपी वैता
ल तिसका चरतब लग विचरते हैं॥ जब लग एक तत्वका दृढ अभ्यास करिके मन नहीं जी
ता॥ जब विवेकरूपी सूर्य उदय होता है॥ तब नष्ट हो जाते हैं॥ जब मनकों विवेक करि व
शि करता है॥ तब इंद्रियां अंतःकरण रूप होजाते हैं॥ अरु मनरूप सभा मित्र हो जाता
है॥ आपदा जाहोइ करि स्वरूप राजकों भोगता है॥ विवेकीकी पांचों इंद्रियां पतिव्रता
स्त्रीवत हो जाती हैं॥ अरु मन पिताकी न्याई पालना करणेहारा होता है॥ चित्त स्वच्छ हो
जाता है॥ जब निश्चयवान पुरुष मत शास्त्रों कों विचारता है॥ तब परम सिद्धांतकों
प्राप्त होता है॥ अरु मन अपनेमन भावकों त्यागकरि शांतरूप होपिता वत पालना
करता है॥ तातें मनकों विवेककरि वशि करो जैसे मणी कों घसाइ करि धागे साथ छेद
करि परोवते हैं॥ अरु कंठविषे धारते हैं॥ वडी शोभा प्राप्त होती है॥ तैसे मनरूपी मणि है॥ तिसकों
आत्म विचार साथ छेद करावणा॥ वैराग्य करि उज्वल करिणा अभ्यासरूप छेद करि पाइक
रि विवेकरूपी तागे साथ परोवणा॥ कंठ विषे स्थित करणे सों वडी शोभा देती है॥ विवे
कके वैसा है॥ तनरूपी स्वत्तों का नाश करता कुठार है॥ काष्ठ जारता है॥ अरु मनरूप श
त्रुकों मित्र करता है॥ सदा शुभ कर्मों कों करावता है॥ अरु विषयों के परिणाम दुःखकों
निकट आवणे नहीं देता॥ तातें मनकों वशि करणा आनंदका कारण है॥ जो मन वशि
नहीं होता तो दुःख होता है॥ जो वशि होता है तो महा सुखदाइक होइ जाता है॥ हे रामजी मन
रूप मणि है॥ सो भोगों की मलिन्ता करि कलंक होता है॥ जब विवेकरूपी जलकरि इस
कों शुद्ध करेगा॥ तब शोभावान होवेगा॥ एह संसार महाभयके देवणेहारा है॥ विवे
कवान पुरुषभी मायारूप संसार विषे गिडते हैं॥ तुछ कलंक करि इस विषे मत गिडें इ
तर जीवोंकी न्याई॥ एह संसार मायारूप है॥ अनेक अनर्थों के जाल करि पूर्ण है॥ स

ता अरु देवतों का युद्ध हुआ॥ जैसे वर्षाकालसों आकाश विषे मेघ जर्जरीभूत होजाते हैं॥ तै
से देवता अरु दैत्य सर्व एक अग्र भये दिशा विदिशा सर्व स्थान पूर्ण भये॥ इति श्री॰ स्थि॰ म॰ शाल
क दैत्ये सम वर्ण नं नाम सर्गः॥ वसिष्ठ उवाच॥ हे रामजी इस प्रकार घोर संग्राम करता॥ देव
ता दैत्य पर्वत गिडते हैं॥ रुधिर के प्रवाह चले बडे शब्द हो
ता अरु दैत्यों के शरीर गिडे॥ जैसे पलय हुए पर्वत गिडते हैं॥ रुधिरके प्रवाह चले बडे शब्द हो
वें आकाश पृथ्वी शब्द करि पूर्ण होरही॥ दामने देवतों के संमुख वेष्टन कीये॥ व्यालने एक
उ देवतों कों पर्वतों विषे पाप्त न कीया॥ कटने देवतों के समूह चूर्ण कीये॥ उनके स्थानतें
उडाये॥ बडा क्रूर संग्राम कीया॥ तब देवतों के हस्ती कों जीत गया॥ जिसको गिनत पा
इ आता॥ ताडना करि दीनता होगया॥ सो ऊर्ध्व होतें भागा अरु भयभीत होइकरि देवता भी भागे॥ तब दे
वतों की सेना छूट होत भयी॥ जैसे मध्यान के सूर्य का बडा प्रकाश होता है॥ तैसे दैत्य प्रका
शवान भये॥ देवता अनेक मारे गये॥ जैसे पुल के टूटे जलका प्रवाह तीक्ष्ण वेग करि चल
ता है॥ तैसे देवता तीक्ष्ण वेग करि भागे॥ जल के प्रवाह चलत मर्यादा छूट गयी दामव्या
लकट की सेना जीतपावत भयी॥ देवतों के पाछे लागे मारते जावें॥ जैसे काष्टों तें रहित
हुई अग्नि अंतरधान होजाती है॥ तैसे बलवान देवता बल सों हीन भये॥ अंतरधान हो ग
ये॥ दैत्य ढूंढते फिरें॥ पर देवता कहूं न पाये॥ जैसे जाल सों निकसे पक्षी हाथ न ही आवते
तैसे देवता तिनके हाथ न आये॥ जैसे मृग वंधन सों छूटा निकसि जावे॥ सिंह ढूंढ रहे॥ ति
सके हाथ न आवें॥ तैसे दैत्य ढूंढ रहे देवता उनके हाथ न आये॥ तब दाम व्याल कट तीनो
सेना संयुक्त पाताल विषे आन स्थित भये॥ अपणा स्वामी जो शंबर था॥ तिसके निक
ट आये॥ प्रसन्नताकों लीये॥ अरु इहां देवतों आवण कीया॥ जो दैत्य पातालकों गये पीछे
तब भये हैं॥ तब विचार करिके चितवते भये॥ जो किसी प्रकार इनतें हमारी रक्षा करे
ऐसी चिंता करि आतुर भये॥ तब ब्रह्माजी देवतों के निकट स्थान प्रगट भये॥ देवता ब्र
ह्माजी के निकट गये अमित तेज है जिसका॥ अरु अमित जगत् कार्य तव स्तुते हैं॥ जैसे संध्या
कालसों रक्त वर्ण वादर होते हैं॥ तिन विषे चंद्रमा शोभता है॥ ऐसे शांत रूप प्रकाश मा
न ब्रह्माजी कों देखकरि इंद्रादिक देवता प्रणाम करते भये॥ पूर्णवर दैत्य की शत्रुता करिके
कहत भये॥ हे त्रैलोकी के ईश्वर हम तुमारी शरण आये हैं हमारी रक्षा करो॥ शंवर दैत
हमकों अति दुःख दीया है॥ तिसके सैनापति दाम व्याल कट हैं॥ सो बडे दैत्य हैं॥ किसी प्रका
र हमसों मारे नहीं जाते॥ अरु हमारी सेना उनबडेन चूर्ण करी है॥ हे रामजी इसी प्रकार
संपूर्ण वृत्तांत दामादिकों का ब्रह्माजी प्रति कहत भये॥ अरु कहा के इनके मारणे का उपा
उ हमकों कहो॥ जिस करि एह नष्ट होवें॥ तब संपूर्ण जगत पर्दाया के रणहारा ब्रह्मा
जी ऐसे वचन कहत भया सो कैसे वचन जो शांतके कारण॥ ब्रह्मोवाच॥ हे अमरेश आप
जी वै ऐसे वचन कहत भया॥ जब एक सहस्र वर्ष वृत्तान्त हो वेगा॥ तब एह मरेंगे॥ विष्णुजी
हैं तब अवतीनष्ट न होवेंगे॥ जब एक सहस्र वर्ष वृत्तान्त हो वेगा॥ तब एह मरेंगे॥ विष्णुजी
इनकों मारेगा॥ मैं इनकी भविष्यत देखी है॥ अब दाम व्याल कट युद्ध विषे भागन हीं जात
ते॥ अरु मरणे मारणे का इनकों ज्ञान ही न ही॥ एह शंवर दैत्य की माया करि रचे हैं॥ इन
कों नाश कैसे होवे॥ जिसकों अहं अरु मम अभिमान होता है॥ तिसका नाश होता है॥
सो अहं ममादिक भावों कों एह जाणते नहीं॥ इनका नाश कैसे होवे॥ इस प्रकार इनका ना
श अब कदाचित नहीं होवणा॥ जब इनकों अहंकार उपजेगा॥ तब इनका नाश होवेगा सो उ
पाक यही चित नहीं होवणा॥ जब इनकों अहंकार उपजेगा॥ तब इनका नाश होवेगा॥ इस प्रकार
हंकार उपजणे का उपाइ मैं तुमकों कहता हों तुम इनके साथ युद्ध करते रहो॥ इस प्रकार
कबहूं इनके आगे होवे॥ कबहूं दाहने कबहूं वाले होवो॥ कबहूं भाग जावो॥ इस प्रका
र जब तुम बारंबार करोगे॥ तब उनको युद्धके अभ्यास वशितें अहंकार का अंकुर आ
न उपजेगा॥ जब अहंकार का चमत्कार उपजा चित्त विषे॥ तब तिसका प्रतिबिंब इनके हृ
दय भी देखेंगे॥ बडाई वासना भी फुर आवेगी॥ जो हम एह हैं॥ हमकों एह कर्तव्य है॥ एह शरी

षि॰प्र॰
५८

ताकरतोयोगहै॥ एहकल्यानयोगहै॥ इत्यादिकवासनाजालउनकेचितविषेफु
रआवेगा॥ आपकोंदामव्यालकटजाणेगे॥ तबतुमउनकोंवशिकरिलेवोगे॥ तुमारी
जयहोवेगी॥ जैसेजालविषेफसापक्षीवशिहोजाताहै॥ तैसेइहअहंकारकरिकैव
शिहोवेंगे॥ अबउहवशिनहीहोते॥ सोतुम्हवतेंरहितवडेथीयेवानहैं॥ देवत्योंकरि
जीतणाउनकाकठणाहै॥ हेसाधो जोपुरुषवासनातेंसाथबांधेहूयेहैं॥ अरुकीदहू
पकार्यांकेवशिहैं॥ सोइसलोकविषेवशिहोतेहैं॥ जोकिंचिसीबुद्धिवानसर्वत्रसमबुद्धि
है॥ किसीविषेबंधाइमाननहीहोते॥ इष्टकीप्राप्तविषेहर्षनही॥ अनिष्टकीप्राप्तविषे
शोकहोयनही॥ सोकिसीकरिजीतेनहीजाते॥ उहअजीतपुरुषहै॥ अरुजिसकेअंत
रवासनाहै॥ वासनारूपीजेवडीसाथबांधेहूयेहैं॥ देहविषेअहंअभिमानहै॥ सोवडाभी
है॥ अरुसर्वकावेत्ताभीहै॥ तौबालकभीउसकोंजीतलेतेहैं॥ अहंममइदंइत्यादिककल
नाकरिकलंकतजोपुरुषहैसोसर्वआपदाकापात्रहै॥ सर्वआपदाउसविषेप्रवेशकरत
हैं॥ जैसेसमुद्रविषेनदीयांप्रवेशकरतीहैं॥ हेसाधो एहदेहमात्रपरिछिन्नरूपजोपुरु
षकोंजाणताहै॥ तिसीविषेभावनाभावितकरीहै॥ सोसर्वज्ञभीहै॥ तौभीकृपणताकों
प्राप्तहोताहै॥ उसविषेउदारताकहांहै॥ इसकाआपणास्वरूपअनंतआत्माहै॥ अप्रमेय
है॥ तिसस्वरूपकाजिसकोंप्रमादहूआहै॥ तिसआपकोंआपहीहीनकीयाहै॥ आ
त्मतत्वतेंउतरकछुभीइसकोंजवलगसतभासताहै॥ त्रिलोकविषेतवलगउपादेयबु
द्धिहोतीहै॥ तिसकीभावनासाथबांधारहिताहै॥ संसारविषेसतभावनाकरनीअने
कदुःखोंकाकारणहै॥ अरुसंसारविषेअसतबुद्धिसुखकाकारणहै॥ हेसाधो जबलग
रादामव्यालकटकोंजगतकेपदार्थोंविषेआस्थाभावनहै॥ तबलगतुमइनकेजीत
णेकोंसमर्थनहोवोगे॥ जैसेमच्छीवायुकेजीतणेकोंसमर्थनहीहोती॥ जिसकेअंत
रदेहविषेअहंभाववासनाहोतीहै॥ अरुजगतविषेसतबुद्धिहोतीहै॥ सोजीवहै॥ अरुदी
नताकोंप्राप्तहोताहै॥ भावेंकैसाबलीहोवे॥ उहजीतणासुगमहै॥ अरुजोछुकृपणहै
परुजिसकेअंतरवासनाहीनही॥ सोमुक्तिवतभीहै॥ तौभीसुमेरुवतदृढहोजाताहै
हेदेवताजोवासनासंयुक्तहै॥ सोपरकृपणताकोंप्राप्तहोताहै॥ सोतृणऔतृणक
रिवेध्याजाताहै॥ जैसेमनकेविषेछिद्रहोताहै॥ तबतागेकरिपरोयाजाताहै॥ जोछिद्र
तेंरहितहैसोपरोयानहीजाता॥ तैसेजिसकाहिदेवासनाकरिवेध्याहै॥ तिसकेअंतर
तृणऔतृणप्रवेशकरतेहैं॥ जोनिर्वंधहैतिसकेअंतरप्रवेशनहीकरते॥ तातेंतिसप्र
कारअहंसोअरुइदंआदिकवासनादामव्यालकटकेअंतरउपजे॥ सोईउपाउकरो
तातवतुमारीजयहोवेगी॥ जिसजिसविपदाकेभावअभावकोंजीवप्राप्तहोतेहैं॥
सोत्रिलोकीरूपीकरोजणकाहूटाहै॥ तिसकेभावकरिआपदाअरुअभावकरिआपदाका
अभावहोजाताहै॥ जोवासनारूपीतंतुसाथबांधेहूयेहैं॥ सोअनेकजन्मदुःखोंकोप्रा
प्तहोवेंगे॥ जोधीर्यवानहै॥ अरुसर्वज्ञहै॥ कुलकाअधिष्टाताबडाभीहै॥ परुत्रिलोपुत्र
है॥ तौबांधाहूआहै॥ जैसेसिंहहैपरुसंगलपिंगलपिंजरेविषेबांधाहूआहै॥ तबउस
काबलअरुवडयाईकिसीकार्यनहीआवती॥ तैसेत्रिलोकरिकैजोबांधाहै॥ सोतुच्छ
है॥ तिसकोंदेहमात्रविषेअहंभावहै॥ अरुचिदेविषेतृस्नापडीउपजतीहै॥ सोपुरुषअ
सेहैं॥ जैसेतागेसाथबांधापक्षीहोवेअरुपरमभीतिसीकोंवशिकरताहै॥ जैसेरत्नसाथबां
धेपक्षीकोंबालकभीलेवकरिवशिकरिलेतेहैं॥ अरुजोनिर्वासीपुरुषहैतिसकों
मारकोउनहीसकता॥ जैसेआकाशविषेउडतेपक्षीकोंकोउपकडनहीसकता॥ तातें
शास्त्रपढकोंत्यागेअरुउनकोंवासनाउपजावो॥ तबउहवशिहोवेंगे॥ इहजिसकोंअ
हंममइदंआदिकवासनानही॥ अरुरागद्वेषकरिअंतःकरणहोभमाननहीहोता॥ ति

हामोहरूपकहीरकरिजीवअहोगायेहैं॥ तातेंतुमविवेकपरकाआश्रयकरो॥ वो
धकरिकैसम्यकअवलोकनकरो॥ इंद्रियरूपशत्रोंकोंजीतकरिसंसारसमुद्रकों
तरिजावो॥ शरीरभीअसतहै॥ इसविषेसुखअरुदुःखभीअसतहै॥ तुमकोंदाम
व्यालकटकीन्याईमनतहोवे॥ भीमभासदृढकीस्थितकोंग्रहणकरिकैविशो
कहो॥ अहंअरुममादिकजोनिश्चयहै॥ सोअर्थहै॥ तिसकोंत्यागकरितनपद
काआश्रयकरो॥ चलतेवैठतेखातेपीतेमनविषेमनकाअभावहोवेगा॥ इति श्रीवसिष्ठ
करणमनस्यासततप्रतिपादनंनामसर्गः॥ वसिष्ठउवाच॥ हेरामजीइसलोकविषे
वांधवालोंकीन्याईविचरोगे॥ तवपरमसारकोंप्राप्तहोवेगे॥ दामव्यालकटकीन्याईम
तहोवे॥ भीमभासदृढकीस्थितहोवे॥ रामउवाच॥ हेभगवनसंसारतापकेहरकरणहा
रेहो॥ परंतुमोकोंकहो॥ उसकोंसंपूर्णकरिकहो॥ जोदामव्यालकटकान्याईकैसेहै
अरुभीमभासदृढकीस्थितकैसीहै॥ जैसेवर्षाकालकामेघतपकोंहरकरताहै॥ सो
वकोंप्राप्तकरिजगावताहै॥ तैसेतुमअपणीवाणीकरिजगावो॥ वसिष्ठउवाच॥ हेराम
जीप्रथमइनकाप्रकारअरुस्थितश्रवणकरु॥ पाछेजोइच्छाहोवेगा॥ तिसविषेविच
रणपातालकुहरविषेशंवरनामदैतराजहोतभयाथा॥ सोमायारूपसलीकास
मुद्रअरुसर्वआश्चर्यरूपमनकेमोहणेहारमलीक॥ सोदैतअपणीमायाकरिकै
आकाशविषेनगररचताभया॥ वागरचे॥ दैतोंकेमंदररचे॥ सूर्यअरुचंद्रमारचे
अनेकऐश्वर्यकरिसंपनदैतरचे॥ अरुरत्नोंकीयांइस्त्रीयांरचीयां॥ अरुनानाकरिदेव
तयोंकीयांइस्त्रीयांभीतिनजीतीयां॥ अरुहृदरचे॥ चंद्रमावततिनसाथफलेलागे॥ अ
रुकमलनीयांसेतपीतरत्नोंकीयां॥ सुवर्णकेहंसरचे॥ अरुसारसपक्षीसुवर्णकेअ
लवरीयांशाखाकरिवढेहूयअरुकरोंजपकेवृक्ष॥ तिनसाथकल्पवृक्षोंकेफूलपडेर
ततोकरिजडेहूयसेदरस्थानचेदनरचे॥ इंद्रकामंदरनवनतिसकोंजीतनहारेसर्वक
तीकेफूलतिनविषेदेवतयोंकीयांइस्त्रीयांतेअधिकसुंदरसुवर्णकीयांइस्त्रीयांक्रीडा
करतेफिरें॥ अरुवडेऐश्वर्यरचेविस्तीरणअरुमहाशिवजीकेसदृशऐश्वर्यसंयुक्तअपणा
नगररचीयां॥ रत्नोंकेताराणगालरचेवडेप्रकाशमानसंयुक्तजवराजतवसोचंद्रमापकटहो
देहोवे॥ चलतीयांजावकरें॥ अरुमायाकेहस्तीऔसेरचे॥ जोइंद्रकेऐरावतकोंजीत
लेवें॥ त्रिलोकीकीविभूतितेंउनकीविभूतिउसरची॥ अंतरवाह्यसर्वसंपदाकोंएककी
या॥ सर्वऐश्वर्यकरिसंपनअरुसर्वदैतमेउलेश्वरवडेदैताकेरे॥ आपसर्वदैतोंकाराजा
हूआ॥ सामंतोंकरिशोभारामसर्वउसकीआज्ञाविषेवरतें॥ महावडीयांभुजातिसकेनी
नीचेसर्वदेवताविश्रामकरें॥ इसप्रकारसेंहूणराजअरुस्थानोंकेमंडलेपरतिसरचे॥ सै
नारचीअरुराजकर्तेभया॥ तवशंवरसेनकरेअथवादेशांतरकोंजावे॥ तवअवका
शदेखकरितिसकीसेनाकोंमारजावें॥ अरुस्थानलूहलेजावेंदेवतयोंकोनाईकत
वरताकरणहारदैसेनापतिरचे॥ वडइसमाहेखकरिदेवतातिनकोंमारगये॥ तवस्त
णाकविशंवरकोपकीया॥ जोइनकोंनाशकरों॥ ऐसेविचारकरिअमरपुरीऊपरच
ढनकरीतवदेवताभयभीतहोइकरिसुमेरपर्वतविषेभवानीशंकरकेचरनोंकेसमीप
जाइकरिछपनभये॥ अबरवनईजोअरुसमुद्रविषेजाइछपे॥ जैसेप्रलयकालविषे
सर्वदिशांसूनहोजातीयांहैं॥ तैसेअमरपुरीसगरीसूनहोगया॥ तवदैतराजअमरापु
रीकोंशून्यदेखकरिकोपमानहूया॥ अग्निलगाईदीलोकपालोंकेपुरसर्वजलाइ
दीये॥ देवतयोंकोहेलकरा॥ परंतुकहूंदेखणेविषेनआये॥ जैसेपापीपुरुषोंकोंदेवता
अरुकहूंदृष्टनआवें॥ तैसेदेवताकहूंनभासे॥ तवशंवरकोपवानहोइकरिवडेवली

स्थि॰प्र॰
१२

वाहतसेनाकीरक्षानिमित्तमायाकरिकैरचताभया॥ मानोंकालकीसामग्रीहै॥ ऐ
सेहोइकरिस्थितभये॥ वडेआकारमानोपहाडोंसेघुरूपर्वतडरतेहैं॥ ऐसेयारीवदा॰
मयालकटकएहत्रितिनकेनामहैं॥ इसोविषेवडेशस्त्रअरुभुजाकल्पहतोंकी
नाई॥ अरुयथाप्राप्तकर्मविषेलागेरहैं॥ परुउनकाधर्म॥ अरुउनकेकर्मकाअभाव॥
काहेतेंजोपूर्ववासनाकरिउनकाकोउनया॥ निर्विकल्पचिन्मात्रउनकास्वरूपपरु
अपणेस्वभावसत्ताविषेस्थितनये॥ अरुअनात्मभावकोंभीनयेप्राप्तभये॥ एक
स्परस्मात्रकर्मरूपचैतनाउनविषेथी॥ सोकर्मोकावीजचितकल्पनारूपणी
हुईथीमननआत्मकयास्वशहारकउसरवेतिसीकोंपडेकरें॥ परुअंतरविषेसु
ष्टवासनाउनकेकोउनफुरे॥ अकसमातस्वभावकरूपाउनकीयडीहोवे॥ जैसेअ
धस्वप्नवालकअपणेअंगोंकोंस्वभावकरुलावताहै॥ वासनातेंरहिततैसेवासना
विनाउनचेष्टाकरें॥ सोइनाअरुविडवणाकछुनजाणे॥ नजाणेंसोहमइसकोंमाव
तेहैं॥ नपहजाणेंसोहममरतेहैं॥ नदौडजाणें॥ नभागजाणें॥ नजाणेहमजीवतेहैं
नजाणेहममरतेहैं॥ जीतअरुहारकोंकछुनजाणे॥ केवलशस्त्रकाप्रहारकरें॥ जैसे
यंत्रीकीपुतलीतागेकरिपडीचेष्टाकरतीहै॥ जैसेतागेकोंउरचलावताहै॥ तैसेसंवे
दननेंरहितचेष्टाकरतीहै॥ तैसेदामादिकचेष्टाकरें॥ महांवलीजिनकेप्रहारकरिप
र्वतभीचूरणहोवे॥ तिनकोंदेखकरिशांवरततुष्टमानभया॥ जोयहसेनाकीरक्षा
करणेकोंवडेवलीहैं॥ इनकानाशभीउनसेंनहोवेगा॥ काहेतेंजोइनदृष्टअनिष्ट
कछुनही॥ जिसकोंइष्टअनिष्टकाज्ञानअरुवासनाहोतीनही॥ तिनकानाशकेसे
होवे॥ अरुभागेंकेसे॥ जैसेदेवतयोंकेहस्तीवलीभीहैं॥ सोभीसुमेरपर्वतकोंउखा
डनहीसकै॥ रंतउनकेचूर्णहोजातेहैं॥ तैसेदेवतावडेवलीभीहैं॥ परुइनकोंनमा
रसकेंगे॥ यहवडेवलीरक्षकहैं॥ इति श्रीस्थितिप्रकरणेदामव्यालकटउत्पत्तिवर्णने
नामसर्गः॥ वसिष्ठउवाच॥ हेरामजीइसप्रकारनिरणयकरिकेशंवरदामव्याल
कटकोंस्थापनकीया॥ अरुभूतलविषेदेवतयोंकीसेनाभीआई॥ जवशांवरच
ढताया॥ तवभागजातेथे॥ अरुसेनाकोंदेखकरिअवरभीनिकसे॥ समुद्रपर्वतों
सेंउछलकरिनिकसे॥ एकओरतेंदैतहूए॥ एकओरतेंदेवतानिकसे॥ वडीसे
नासेयुद्धकरणेलागे॥ जैसेप्रलयकालविषेसमुद्रक्षोभतेहैं॥ सर्वजल॰
मयीहोजातीहै॥ तैसेदेवताअरुदैतसर्वओरतेंपूर्णहोगये॥ वडेवाणोंकरियु
द्धकरणेलागे॥ शंखधुनकरें॥ शस्त्रचलावेंतिनकेशब्दहोवें॥ अरुअग्निनिक
से॥ तारयोंवतचमत्कारकरें॥ शरीरसेंसिरकाटेजावें॥ धडकेएकएकचिरि
गिरिपडें॥ परस्परदोनोंओरतेंशस्त्रचलें॥ दामव्यालकटभागजाणेहीनही॥ मारते
हीजावें॥ जिनकेप्रहारोंसाथपर्वतचूर्णहोजावे॥ सर्वदिशाविषेशस्त्रपूर्णहोगये
रुधिरकीधाराचलें॥ तिनविषेदेवतादैतमृत्युवहितेजावें॥ महाप्रलयवतभय
उदेहूआ॥ एकएकअस्त्रऐसाचलें॥ जिनसेंशस्त्रोंकीधानदीयांचलें॥ कोउअग्निका
शस्त्रचलावें॥ द्वितीयमेघशस्त्रचलावे॥ कोउतमशस्त्रचलावें॥ द्वितीयप्रकाशरू
पअस्त्रचलावे॥ कोउनिद्रारूपद्वितीयप्रवोध॥ कोउसर्परूपद्वितीयगरुडरूपइसप्र
कारपरस्परयुद्धकरें॥ वहुरवअस्त्रचलावें॥ शिलाकीवर्षाहोवें॥ सर्वपृथ्वीचक्र
मानकविस्मरणहोगये॥ अनेकजीवोंकेंसीसधडगिरिपडे॥ जैसेवृक्षोंतेंपकेफल
गिरतेहैं॥ तैसेदेवतादैतगिरें॥ वडाफडभयागंधर्वकिंनरदेवतावहुतनष्टभये
दैतभीवहुतनष्टभये॥ एककछुकउनकीजीतरहे॥ इसप्रकारमायावीशांवरकीसे

सकोंप्राप्तोंकरिभीअरुअस्त्रोंकरिभीजीतकोउनहीसका॥ तातेंदामव्यालकटकेजी
तणेकोंअवरउपाइकरिसमर्थनहोवे॥ एहीउपाइहै॥ जोयुद्धअभ्यासकरिउनकोंअ
हंकारउपजावोगे॥ तोउहसमावेशविहोवेंगेतुमउनकेजीतणेकोंसमर्थहोवोगे॥
हेसाधो॥ उहतोशांवरदैतनेंरचेहूएयंत्रपुरुषहैं॥ उनकोंअंतरवासनाकोउनही
जैसेउसरवेहैंतैसेनिर्वासपुरुषहैं॥ जवतुमउनकोंयुद्धकाअभ्यासकरावोगे॥ त
वउनकोंअहंकारवासनाउपजआवेगा॥ यहउनकेवशिकरणेकीपरमयुक्तिहै॥ ज
वलगउनकेअंतरवासनानहीफुरती॥ तवलगतुमकरिउहअजीतहैं॥ इति श्री
स्थितिप्रकरणेदामव्यालकटोपाख्यानेब्रह्मावाक्योनामसर्गः॥ वसिष्ठउवाच॥ हेरामजीइ
सप्रकारब्रह्माजीकहिकरिकेअंतरध्यानहोतभये॥ जैसेसमुद्रविषेतरंगउ
पजकरिशांतहोकरिकेलयहोजाताहै॥ तैसेअंतरध्यानहोगये॥ तवदेवतावचनसु
णकरिअपणीअपणीदिशाकोंगमनकरतभये॥ जैसेकमलकीसुगंधकोंलेक
रिपवनजाताहै॥ तैसेजाइकरिकोउकदिनअपणेकल्याणकेनिमित्तअरुउनके
नाशनिमित्तउहअपणेस्थानोंतेंउठकरियुद्धकरणेकोंचले॥ प्रथमदेवतानेशं
खवजाये॥ महांवडेशब्दहूए॥ जैसेप्रलयकालकेमेघगर्जतेहैं॥ तैसेशब्दकरिसर्व
स्थानपूर्णहोगये॥ तवपातालछिद्रविषेशब्दसुणकरिदैतनिकसे॥ आकाश
मार्गतेंदेवताआये॥ वहुरयुद्धहोवणेलागा॥ तववरछीवाणमुदगरमूसल
गदाचक्रवज्रपर्वतअग्निवृक्षसर्पगरुडतेंआदिकरिअस्त्रशस्त्रचलाये॥ एक
ओरतेंमायकदैतचलावें॥ शस्त्रोंकेप्रवाहचले॥ देव
ओरतेंदेवताचलावें॥ वृक्षोंकीपांतदीयांचलीयांगईयां॥ चक्रमुदगरत्रिशू
परदेशविषेपर्वतपाषाणवृक्षोंकीपांतदीयांचलीयां॥ देवतयोंकेस्थानसोंभूमलोकविषे
लादिकशस्त्रऐसेचलेजैसे॥ गंगाजीकाप्रवाहदेवतयोंकेस्थानसोंभूमलोकविषे
आवताहै॥ तैसेशस्त्रोंअस्त्रोंकेप्रवाहचलेजावें॥ अग्निल
गीतणवेगकरिचलायाआवताहै॥ तैसेघास्त्रोंअस्त्रोंकेप्रवाह॥ सीसभुजाकाटेगये
गाईदेवताअरुदैतोंकेसंहूहनपहूहोगये॥ अंगफूटगये॥ जैसेसमुद्रकेउछलणेकरिपृथ्वीजलकरि
संपूर्णहोपृथ्वीरक्तकरिपूर्णभयी॥ जैसेसमुद्रकेउछलणेकरिपृथ्वीजलकवि॰
पूर्णहोजातीहै॥ तैसेरुधिरकरिपूर्णहोताहै॥ आकाशदिशाविषेअग्निकातेजव
गया॥ जैसेप्रलयकालविषेद्वादशसूर्यकातेजउदेहोताहै॥ वडेपर्वतोंकीवर्षाहो
वेरुधिरकेप्रवाहविषेपर्वतभ्रमतेफिरें॥ जैसेसमुद्रविषेतरंगघुमरखेरफिरते
हैं॥ हेरामजीऐसाघोरयुद्धभया॥ तणविषेपर्वतोंकेप्रवाहदृष्टआवें॥ तणविषेशस्त्रों
केप्रवाह॥ तणविषेसर्पोंके॥ तणविषेगरुडोंके॥ तणविषेअपस्वागणअंतविदे॥
तणविषेजलमयीहोजावे॥ तणविषेसर्वस्थानअग्निसोंपूर्णहोजावें
विषेभासें॥ तणविषेसर्वओरतेंअंधिकारभासे॥ महाभयानक
तणविषेसूर्यकाप्रकाशभासेतणविषेसर्वओरतेंअंधिकारभासे॥ महाभयानकयु
द्धहोणेलागा॥ दैतआकाशविषेवडेउडउडकरियुद्धकरेंदेवतावज्रावज्रादि
कशस्त्रचलावें॥ जैसेपहाडोंसेंरहितपर्वतगिरतेहैंतैसेदैतगिरेंभूमलोकविषेआन
नपडें॥ अनेकदेवताअरुदैतोंकेसंहहविउपडे॥ किसीकाशिरकिसीकीयांभुजा
कटीयांगेयां॥ चर्णहस्तहस्तकाटेगयेजैसेवृक्षपर्वततेंहीनहैं॥ तैसेजिनकेशरी
रहैं॥ सोगिडपडे॥ अनेकसंकटोंकोंदेवताअरुदैतप्राप्तभये॥ महादारुणयुद्धहो
वणेलागा॥ इति श्रीस्थितिप्रकरणेदामव्यालकटोपाख्यानेयुद्धवर्णनेनाम
सर्गः॥ वसिष्ठउवाच॥ हेरामजीइसप्रकारजवदेवताअरुदैतोंकायुद्धभया॥ तवदेव
तयोंकाधीर्यनष्टभया॥ यहतेंकपणारूढकविअंतरधानहोगये॥ वडूडपेतीस
वर्षकेउपरांतआनकरियुद्धकरतभये॥ कवहूंदिनपंचसमअष्टउपरांतकवहूंमा

सद्रूपता नयुद्ध करें ॥ वहां उठ पजावें ॥ ऐसे विचार करि छलसों उनके साथ युद्ध करणे ला
गे ॥ कबहूं रामादिकके निकट जावें ॥ कबहूं रहणे ॥ कबहूं धावें ॥ कबहूं आगे ॥ कबहूं पाछे
कबहूं भाग जावें ॥ हे रामजी जब देवताने ऐसे अनेक उपाय कीये ॥ तब वहि युद्धके अभ्या
सतें देवतोंके पाछे धावणे लागे ॥ इति उतिओर देखकरि मारणे लागे ॥ देहादिक विषे तिन
कों अहंकार फुर आया ॥ हे रामजी अतिशय निकटता करिकें दर्पण विषे भी प्रतिबिंब प
डता है ॥ दूर काम नहीं पडता तैसे अतिशय करिके अभ्यासतें अहंकार उर आवता है ॥ अ
न्यथा नहीं फुरता ॥ जब अहंकार तिनकों फुरा ॥ जब परायों की वासना भी फुर आई ॥ व
डा पह फुर आया ॥ जो हम दामादिक हैं ॥ किसी प्रकार जीवने रहें जीवणे की इच्छा क
रिके दीन भावको प्राप्त भये ॥ तब भयको प्राप्त भये ॥ जो इस प्रकार हम नाश होवेंगे
इस प्रकार हमारी रक्षा होवेगी ॥ सो उपाय करें ॥ जिसकरि हम जीवते रहें ॥ इस प्रका
र आशा की फांसी साथ बांधे हूए दीन भावको प्राप्त भये ॥ आपको देह मात्र विषे आस्था
करते भये ॥ कहित भये जो देह रूप लता हमारी स्थिर रहे ॥ हम सुखी होवें ॥ हम कों धन
होवे ॥ तिसकरि सुखी होवें ॥ इस वासना करि गुरु रूप सबलें धीर्यको त्यागते भये ॥ जा
णने लागे ॥ जो यह मारे शत्रु हैं नाश करेंगे ॥ इनते हमारी रक्षा होवे ॥ इत्यादिक कायरता
कों प्राप्त हूये धैर्य नष्ट होगया ॥ जैसे जल बिना कमल की शोभा जाती है ॥ तैसे इनकी शो
भा जाती रही ॥ खानपान की वासना फुर आई ॥ संसार की भयानक गतकों प्राप्त हूए
युद्ध करे तब आश्रय ले करि करें ॥ वर्म ढालादिक धारेंगे ॥ अहंकार करिकें भयभीत
हूए ॥ यह हमकों मारते हैं ॥ हम मरते हैं ॥ इस चिंता करिकें तिनके विदेषाद भये ॥ दानेश
ने युद्ध करणे लागे ॥ जब देवता सन्मुख आवें ॥ तब बचाइ जावें ॥ भयभीत होइकरि भा
गें ॥ अहंकार जो आन करि उदय हूआ ॥ तिसकरिकें तिनके मस्तक पर आपदा ने आन वर्षा
दीये ॥ मरुं दीन जैसे होगये ॥ मुख की शोभा जाती रही ॥ धीर्य बल नष्ट होगया ॥ ऐसे होग
ये ॥ जो कोऊ आगे आन पडे दीन होइकरि तो भी तिसकों मार न सकें जैसे काष्ठ ते रहित अग्नि दी
खकों नहीं भक्षण करती ॥ तैसे वह निर्बल होगये ॥ अंग काटे जावें ॥ भाग भाग जावें ॥ जैसे
अवर सामान्य पुरुष युद्ध करते हैं ॥ तैसे युद्ध करणे लागे ॥ हे रामजी विशेष करि दामा
दि मरणते विशेष भय करते भये ॥ युद्ध न करि सकें ॥ तब देवता जो वज्रादिकों करि तिनर
कों प्रहार करें ॥ तिनकरि घूर्ण होइकरि भयभीत भागे ॥ सर्वसेना दैत्यों की भागी जावे ॥ जो र
जो देश देशांतरमें आय ये अरु मारे कोउ किसी देशकों कोउ पर्वत कंदरा जल विषे गये
जहां जहां स्थान देखा तहां तहां होवले गये ॥ दैत भयभीत होइकरि पराजेन हूए अरु दव
मोंकी जगह ई ॥ दैत्य भागकरि पाताल विषे जाइ छपे ॥ इति श्रीस्थितिप्रकरणे दामव्याल
कटोपाख्याने अहंकारप्रशानेनाम सर्गः ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामजी इस प्रकार जब दे
वताउत्पमानहूए अरु दाम व्याल कट भयभीत होइकरि भागे पाताल कों गये ॥ देवत्यो
का भय पाया ॥ अरु शंबर सो भी भय पाया ॥ जैसे प्रलयकाल की अग्नि प्रज्वलित होती
है ॥ तैसे शंबर प्रज्वलित अग्निका रूप है ॥ तिसके भय सों दाम व्याल कट समसमें पाता
ल विषे जाइ स्थित भये ॥ तहां देनों के मंडलकों छोड करि जहां यम किंकर रहते हैं ॥ ति
नहां विषे जाइ रहे ॥ कऊ हानाम होइकरि तिनहां रहते भये ॥ नरक रूप समुद्र की यांपल
कों यम किंकर हैं ॥ तिनदों दया करिकें इनकों वैठाया ॥ जैसे पापीयोंकों चिंता प्राप्त हो
ती है ॥ तैसे इनकों इस्त्री प्राप्त भयी ॥ तिससे पुत्र जन्मे पाताल विषे रहते भये ॥ आगे
उनकी बडी संतान हूई ॥ सब पौत्रादिक समस्त ॥ १० ॥ वर्ष तहां वसतीन की ये वासना
दृढ होगई ॥ यह मेरे पुत्र हमेरी इस्त्री है ॥ पुत्र कलत्र बांधवों विषे अरु अति होगया ॥ एव

कालमें धर्मराज यमपाली इच्छा करि तहां आगमन करते भया ॥ तिनकों कालकूट कार्य करणा था ॥ ति
सकों देखकरि सर्व किंकर उठि खडे भये ॥ प्रणाम कीये ॥ अरु दाम व्याल कट तिसकी वडयाई
कों नहीं जानते ॥ अवरों किंकरों के सामान जाणकरि प्रणाम नहीं करते भये ॥ तब वैव
स्वत यमराजने क्रोध कीया ॥ जो इह दुष्ट मानी हैं ॥ इनकों सामना दईया चाहीये ॥ इस प्रकार वि
चारकरिकें भृकुटी ऊंची साथ करि उनकों कहा अग्निकी ज्वाला ई है ॥ तहां इनकों डारदेवो ॥ प
रवार बांधवों समेत ऊहां कदन करते रहें प्रकार तेरहे ॥ परंतु धर्म किंकरों ने डार दीया परवा
र संयुक्त नक्र अग्नि विषे जल गये ॥ जैसे दावाग्नि विषे पत्र फूल फल सब स्थित भस्म होते
जल जाता है ॥ तैसे जल गये ॥ तब उन्ह समते वासना करिकें किरात देश का जो राजा था ॥ ति
सके किंकर जीव जनाइ हूए ॥ कहा जीवोंकी हिंसा करते रहे सब जीवों का शरीर छूटा तर
व कुवजो हूए ॥ वडे उछल हूए ॥ वह उवगले जाइ भये बहुरि उचिरातें देश विषे जीव रहूए ॥ वे
डु उवर देश विषे मछ हूये ॥ मगध देश विषे कीट जाइ भये ॥ हे रामजी इस प्रकार दाम व्या
ल कट तीनों वासना करिकें अनेक जन्मों को पावते भये ॥ वडे अवक पंभीर देश विषे
पंकत तलाव है ॥ तिस विषे तीनों ताहूए ॥ वनकों अग्नि लागी थी ॥ तिसकरि जल भी सूक
गया ॥ अल्प जैसा उष्ण रूप रहा ॥ तिसी विषे रहते हैं ॥ अरु उही जल पान करते हैं न मरते
हैं न जीवते हैं ॥ जीवणे की जो कोऊ संपदा है तिसकों भी न दीखते ॥ चिंता करिके पडे ज
लते हैं ॥ हे रामजी अज्ञान करि उपजते भी रहे ॥ अरु मरते भी रहे ॥ अनेक बार जन्म अरु मृ
त्यु ॥ जैसे समुद्र विषे तरंग उपजते हैं ॥ अरु मिटते हैं ॥ जैसे जल विषे तृण आयातन वेगोक
विभ्रमता है ॥ तैसे उह वासना करिकें भ्रमते फिरे हैं ॥ अब लग इनकों शांतता नहीं प्राप्त भयी ॥
अहंकार वासना महादुःखों दुःखका कारण है ॥ इसके त्यागनें सुख है ॥ अन्यथा सुखक
दाचित नहीं ॥ ११ ॥ इति श्रीस्थितिप्रकरणे दामव्यालकट जन्मांतर वर्णनं नाम सर्गः ॥ वसिष्ठ
उवाच ॥ हे रामजी तेरे अवबोधके निमित्त मैंने तुझकों दाम व्यालकट का न्याइ कहा है ॥ जो तिनकों
स्याई तुझकों मत होवे ॥ इस निमित्त इतिहास कहा है ॥ अवकों ऊली ला का प्रयोजन था ॥
अविवेकीयोंका निश्चय ऐसा है ॥ अनेक आपदाकों प्राप्त करता है ॥ अनेक दुःखोंकों भुगतवता
है ॥ कहां शंबर दैत्य की सेनाके नायक अरु देवत्यों के नाशक ते ॥ अरु कहां तम जल के जलम
लजनरजीभावकों प्राप्त हूए शरीर भावकों प्राप्त हूए शरीर तिनके ॥ कहां उह धीर्य अरु
बल जिसकरि देवत्योंकों नाश करणा ॥ अरु भगावणा ॥ अरु आप चलायमान न होइ
वणा ॥ अरु कहां किरात देश के राजा के किंकर होवणा ॥ कहां उह निरहंकार चित शो
न अरु उदारता धीर्य ॥ अरु कहां मिथ्या वासना करिकें बलत मिथ्या अहंकार संयुक्त
होवणा ॥ यते दुःख आपदाकों जो प्राप्त हूए ॥ सो अहंकार करि हूए हैं ॥ अहंकार क
रिकें संसार रूप विषकी मंजरी साया प्रतिष्ठा पावती है ॥ संसार रूप पह्दत्त का अंकुर
अहंकार है ॥ जब लग अहंकार है ॥ तब लग अनेक आपदा दुःख प्राप्त होते हैं ॥ ता
तें तुम यत्न करिकें अहंकार का मार्जन करो मार्जन क्या कहीये ॥ अहंरूप जो अहंक
त है ॥ तिसकों असत रूप जाणो ॥ जो यह मैं कछु नहीं ॥ इस मार्जन करिकें सुखी होवे
गो ॥ हे रामजी आत्मरूप अमृत का वेदायवेके ॥ शांत लशांत रूप तिसके आगे है ॥ अहंका
र रूप मेघ आया है ॥ तिसकरि प्रकाश भया भासता नहीं ॥ जब विवेक रूप पवन चले
तब अहंकार रूप बादल नष्ट होजावे ॥ आत्म रूप चंद्रमा प्रत्यक्ष भासे ॥ अहंकार रूप पि
शाच उपजया ॥ तब दाम व्याल कट यह तीनों माया रूप दानव समंत होइ करि घने कष्ट
पदाकों भोगते भये ॥ अब कश्मीर के तडाग विषे मछ पडे हैं ॥ सिवाल कोल वभोज न
लगकरणे कों पडे यत्न करते है ॥ जो अहंकार न होता तो एती आपदाकों प्राप्त होते
रामोवाच ॥ हे भगवन् सत का अभाव नहीं होता ॥ अरु असत का अभाव नहीं हो

वासि०

ता॥ सो असत राम बालक के सत के से भये॥ वशिष्ठोवाच॥ हे रामजी इस प्रकार है जो सत न
हीं सो किसी को कबहूं कछु नहीं होता॥ एक ते सत किस को असत को आपमें देखता है॥ अरु
असत कबहूं सत होता देखा है॥ तो स्थिर रूप आहे॥ इसी ते रे कहता हों सो युक्त करि मेरे उपदेश को
बोध करोगा॥ रामोवाच॥ हे भगवन हम तुम जो पदार्थ हैं सो सत रूप हैं अरु हम पद कहता
ये सो असत रूप था या माया सो सत के से भये सो कहो॥ वशिष्ठोवाच॥ हे रामजी जैसे रामादि
क माया रूप असत ही सत होते हैं॥ इस करि स्थित भये॥ मृगत्रिष्णा के जल वत॥ तैसे ही तुम हम आदि
क देवता दानव संपूर्ण संसार असत माया मात्र असत होइ कर विभासता है॥ बस्त ते कछु हूआ न
हीं॥ जैसे स्वप्न विषे अपणा मरणा आपन भव होता है॥ सो भी असत रूप है॥ तैसे तुम हम आदिक ए
ह जगत अनुभव होता है॥ सो भी असत रूप है॥ जैसे स्वप्न विषे अपणे बोध बस्त आन मिलते
हैं॥ व्यवहार करते हैं प्रत्यक्ष भासते हैं॥ सो असत रूप होते हैं॥ तैसे एह जगत असत रूप है॥ हे रा
मजी एह जो मेरे वचन हैं॥ सो मूढों का विषय होते नहीं॥ उन को शोभते नहीं॥ काहे ते जो अ
ज्ञानी के हिरदे विषे संसार का सदभाव दृढ है॥ अरु अभ्यास विना इस निश्चय का अभाव नहीं
होता॥ जैसा निश्चय किसी के चित विषे दृढ होय रहा है॥ सो दृढ अभ्यास के यत्न विना दूर नहीं
होता कदाचित भी॥ जिस को एह निश्चय है॥ तो जगत सत है॥ सो मूढ उनमत है॥ अरु जो ज्ञा
नवान है॥ तिस के हिरदे विषे जगत का सदभाव नहीं होता॥ केवल ब्रह्म सत्ता का भान होता है॥
अज्ञानी को जगत सत भासे है॥ अज्ञानी के निश्चय को ज्ञानी नहीं जाणता॥ ज्ञानी के निश्चय
को अज्ञानी नहीं जाणता॥ जैसे मर करि मन होवे॥ तिस के निश्चय को असत नहीं जाणता॥
अरु असत के निश्चय को मत नहीं जाणता॥ तैसे ज्ञानी अज्ञानी का निश्चय एक वचन दी होता
एह अपरिक्षा याप कवन नहीं होता॥ जिस के चित विषे जो निश्चय है॥ तिस को उही दूर करे अ
भ्यास यत्न करि॥ तो दूर होता है॥ अन्यथा नाही होता॥ ज्ञानी भी अज्ञानी के निश्चय को दूर
नहीं करि सकता॥ जैसे मृतक को जीवत का ज्ञान को मन धन नहीं ग्रहि करि सके॥ जो उस के निश्च
य विषे आहे जो ज्ञानवान है॥ तिस के निश्चय विषे सर्व ब्रह्म का भाव होता है॥ अवर जगत
है न कछु नहीं॥ तिसी को मेरे वचन शोभते हैं॥ आत्म अनुभव सर्वदा सत रूप है॥ अवर स
र्व असत पदार्थ हैं॥ एह वचन अबुध का विषय है॥ तिस को शोभते हैं॥ अरु अज्ञानी को ज
गत सत भासता है॥ ता ते ब्रह्मवाणी तिस को नहीं शोभा देती॥ ज्ञानी को एह निश्चय है
जो जगत रंचक मात्र भी सत नहीं॥ एक अद्वैत परम सत्ता स्वरूप है॥ एह अनुभव बोधवा
न का है॥ तिस के निश्चय को दूर कोऊ नहीं करि सकता॥ परमात्मा ते चित रे चित रे कछु भे क
छु नहीं॥ जैसे स्वर्ण विषे भूषण कछु नहीं होता॥ तैसे आत्मा विषे वशिष्ठ भाव कछु न
हीं॥ अरु अज्ञानी को ऐसे भासता है चित ने रे कछु नहीं भासता॥ जैसे स्वर्ण विषे भूषण हो
ता है॥ तैसे उह आप को नाम मात्र जाणता है॥ सम्यक दर्शी को इस ते विपरीत भासता है
जो पुरुष होवे अरु कहे मैं बहुत हों जैसे एह वचन उनमत रूप है तैसे हम तुम आदिक अस
त हैं सत उही है जो शुद्ध संवित बोधाकाश निरंजन रूप है॥ सर्वगत शांत रूप है॥ इत्यादि अ
र्थ ते रहित है॥ जैसे नेत्र दूषण वाले को आकाश विषे तरवरे भासते हैं॥ तैसे अज्ञानी
को जगत सत रूप भासता है॥ आत्म सत्ता विषे जैसा जैसा किसी को निश्चय होगया है॥ तै
सा तैसा तिस को आन होइ भासता है॥ बस्त ते जैसे हम आदिक अण होते हैं॥ तैसे तुम हम आ
दिक जगत है॥ अनंत चेतन आकाश सर्वगत निराकार तिस विषे फुरणा होता है॥ सोई देह
इ भासे॥ तैसे तुम हम आदिक फुरणे मात्र हैं संवेदन के फुरणे करि स्थित भये हैं॥ जैसे
स्वप्न का नगर भासता है॥ जैसे मृगत्रिष्णा की नदी भासती है॥ तैसे तुम हम आदिक ज
गत आत्मा विषे भासता है॥ अबुद्धि को सर्व चिदाकाश ही भासता है॥ अरु अवर सर्व स्वप्न

नगर स्वप्न नगर मृगत्रिष्णा के जल वत भासता है॥ जो आत्मा की ओर जागे हैं॥ अरु जगत की ओर
ते सोए हैं॥ सो महा रूप है॥ अरु जो आत्मा की ओर ते सोए हैं॥ अरु जगत की ओर जागे हैं सो
जागे हैं॥ सो अज्ञानी बंध रूप हैं॥ अरु बासना बंधन को ऊ मान्या है तब जागता है॥ तब बंध है न
मा है॥ केवल चिदाकाश है॥ सोई जगत रूप होइ भासता है॥ निर्वाण सत्ता ही जगत्वेद
मी होइ करि स्थित भयी है॥ अरु जगत निर्वाण रूप है॥ दो नाम एक ही वस्तु के पर्याय हैं
जैसे विटप अरु द्रुम एक ही वस्तु के दि नाम हैं॥ जैसे ब्रह्म अरु जगत एक ही वस्तु के पर्याय
हैं॥ जैसे आकाश विषे तरवरे भासते हैं॥ अरु है नहीं॥ आकाश ही है॥ तैसे अज्ञानी को ब्र
ह्म विषे जगत भासता है सो है नहीं॥ ब्रह्म ही है॥ अपणे नेत्रां विषे तिमिर रोग होता है॥
तिस करि तरवरे भासते हैं॥ तरवरे नेत्र रोग ते भिन्न नहीं॥ तैसे अपणा आप ही नाना
रूप होइ भासता है॥ सो चिदाकाश स्थान विषे भासता है॥ सो चिदाकाश सर्व ओर
व्यापक है॥ तिस ते उपर जग असत रूप है॥ कछु बस्त नहीं॥ सत रूप एक निर्मल आकाश
उही सता है॥ महाशिला अनवत स्वच्छ निरस्पर ई उदे अस्त ते रहित है॥ ताते सर्व संकल्प
कलना को त्याग करि तिसी अपणे आप विषे स्थित होवा॥ इति श्री स्थिति प्रकरणे नि
र्वाणवर्णनं नाम सर्गः॥ रामोवाच॥ हे भगवन असत नहीं सत नहीं तो होइ स्थित रूप आहे
जैसे बालक को परछावें विषे पिशाच होइ भासता है॥ सो जैसे सत्य था तैसे हुआ अब एह क
हो जो राम बालक के दुःख का अंत कैसे होवेगा॥ वशिष्ठोवाच॥ हे रामजी जब तिन
को यमराज अग्नि विषे भस्म करावा॥ तब यम सों किंकर एह कहत भये॥ हे प्रभो इन का उद्धा
र कब होवेगा॥ तब यमराज कहा॥ हे किंकरो जब एह तीनों परस्पर बिछुड जावेंगे अरु
अपणे संपूर्ण कर्मा आवरण करेंगे॥ तब निरसंदेह होइ करि मुक्त होवेंगे॥ एह नेत है॥ रा
मोवाच॥ हे भगवन एह अपणा हूं तीनों तब कहां होवेंगे॥ अरु कब स्वरूप पावेंगे॥ अरु कब मा निरू
पण करेगा॥ वशिष्ठोवाच॥ हे रामजी कश्मीर देश विषे एक वडा कहै॥ अरु कमलों क
रि पूर्ण है तिस के निकट एक पर्वत के निकट दुर्गा का है॥ तिस विषे चिरकाल पर्यंत वारे वा
र मत्स्य होवेंगे॥ जब अनेक जन्मों के पुण्य परम पुरुषों की स्तुती तक वेंगे तब मत्स्य शरीर त्या
ग करि सारस पक्षी होवेंगे॥ कमलों के तडाग उपर रहेंगे॥ कलोर अरु कमलनी पाउत
पल आदिक कमलों विषे विचरेंगे॥ सुगंध को लेते चिरकाल वृत्ती तक रहेंगे॥ तब उस त
डाग तीर्थ के मलातम करि के अनेक पाप नष्ट होवेंगे॥ अरु बुद्धि निर्मल होवेगी॥ तब
तीनों आपस मों विछुड जावेंगे॥ अरु मन की शुद्धि उन को प्राप्त होवेगी॥ जैसे रा
जसता मसता न क गुण स्वभाव छुट तब विछुड जाते हैं॥ आपस मों तैसे उह परस्पर छुट तब विछु
ड जावेंगे॥ कश्मीर विषे एक पर्वत है॥ तिस के सिखर पर एक नगर बसेगा॥ तिस
शिखर का नाम प्रद्युमन होवेगा॥ तिस शिखर पर कमलों के विषे एक तडाक होवे
गा॥ तहां एक राजा का स्थान होवेगा॥ ईशान कोण की ओर राजा का मंदर होवेगा॥ ति
स मंदर के किसी छिद्र विषे आसन लोपाइ करि आलना मैं तत्र चिडा होइ करि रहे
गा॥ आलना वणाय करि कैसा आलना जो वायु करि के पड रहे अरु लेंमे त्रिणादिक जिस
के॥ तहां उह पक्षी हूं करेगा॥ जैसा शब्द जो अर्थ जिस का कछु न भासे॥ निरर्थक शब्द हो
वेगा॥ अरु तिस मंदर विषे रहेगा॥ तिस काल मों श्री यशस्कर देव नाम राजा होवेगा
गुण विभूत करि संपन्न मानो इंद्र है॥ दूसरी तिस के मंदर छत की कडी के छिद्र विषे दा
म नाम देत मच्छर होइ करि रहेगा॥ भूं भूं शब्द करि तो विचरेगा॥ अरु कट नाम दैत नदी
ओरडा का पक्षी होवेगा॥ रत्नों करि खचित पिंजर विषे रहेगा॥ तिस राजा का मंत्री बडा
बुद्धिवान होवेगा॥ जैसे हम आमल होता है॥ तैसे बंध अरु मोक्ष का ज्ञान मंत्री को प्रसि
द्ध होवेगा॥ अरु नरसिंह नाम मंत्री का नाम होवेगा॥ सो मंत्री राजा के आदाम बालक को

स्थित॰ ४५

काया ओ के बांधक विसलाणा वेगा ॥ तब करकर नाम पक्षी हूआ कर देते हैं ॥ सो पिंजर वि
षे श्रवण करेगा ॥ तिस श्रवण करणे ते उसकों अपणी सर्वहृत तत्स्मरण आनंद होवे
गा ॥ तिसकों विचारेगा ॥ तब मिथ्या अहंकार गलित हो जावेगा ॥ परम निर्वाण सत्ता को
प्राप्त होवेगा ॥ इसी प्रकार राजा के मंदर के छिद्र विषे बालदेत चिडइ हूआ भी श्रवण क
रेगा ॥ उह भी परम निर्वाण सत्ता को प्राप्त होवेगा ॥ इसी प्रकार लकडी के छिद्र विषे रहि
णे हारा दाम नाम देत मछर भी श्रवण करि कै मोक्ष होवेगा ॥ हे रामजी करकर पक्षी
अरु विडा अरु मछर तीनो पर्वत के शिखर राजमंदर विषे वसणे हारे मोक्ष होवेगे ॥ प
रु से एणे क्रम तुझ कों कहा है ॥ जो संसार माया मय है ॥ अत्यंत भी सत्य प्रकाश
रूप भासता है ॥ तो भी अत्यंत असत् अविचार ते सिद्ध है ॥ विचार करि कै ज्ञान रूप ते शांत
हो जाता है ॥ जैसे मृगतृष्णा का जल सत्य की प्रकार देखते शांत हो जाता है ॥ अज्ञानी
पुरुष पिवे ते पद कों प्राप्त होता है ॥ तो भी अपि ते अपि अहंकार कों चला जाता है ॥ जैसे दाम
व्याल कट महाजाल विषे पडे ॥ कहां उह बल जो भुजों करे देवकरणे करि सुमेर चंद्रावल
पर्वत जैसे उखजावें ॥ कहां राजा के गृह विषे काष्ठ के छिद्र मो मछर होणा ॥ कहां उह बल
जिस के रस्तह की चपेट करि कै सूर्य अरु चंद्रमा गिर पडें ॥ कहां शत्रुमन पर्वत के गृह छिद्र
विषे विडा हो रहिणा ॥ कहां उह बल जो सुमेर पर्वत कों पीनपुष्प वत लीला करि कै उठा
इ लेणा ॥ अरु कहां पर्वत के शिखर गृह विषे करकर पक्षी होणा ॥ एक अज्ञान रूप अहंका
र करि कै पतीलघुता कों जीव पावते हैं ॥ अज्ञान करि कै रंजन भये मिथ्या भ्रम देखते हैं
प्रकाश रूप चिदाकाश सत्ता कों त्यागे विना त्यागे की न्याई इन कों भासता है ॥ अपणी वा
सना कल्पना करि कै जगत असत रूप भासता है ॥ जैसे मृगतृष्णा का जल मिथ्या भ्रम
करि कै सत भासता है ॥ तैसे अपणी कल्पना करि जगत सत भासता है ॥ इस संसार सम
द्र के तरणे कों उह ही समर्थ होता है ॥ जो मन तथा शास्त्रा के विचार द्वारा निर्वाण पुरुष हूआ है ॥
जो संसार ॥ जो संसार निरूपक शास्त्र है तारक कहिणे कों वडा प्रकाश रूप शब्द है जिन
का ॥ तिन कों आश्रय जो करता है ॥ सो संसार के पदार्थों कों भस्म रूप जाणता है ॥ ताते अ
धः कों गिरता है ॥ जैसे दीपक कों जल रूप जाण कर स्नान के निमित्त जावे ॥ अरु गिर पडे
हे रामजी अपणा अनुभव रूप जो प्रसिद्ध मार्ग है ॥ तिस विषे जो प्राप्त भये हैं ॥ तिन का ना
श न ही होता ॥ सावेन सर्व उन्नत वले जाते हैं ॥ जैसे पंथी सुधे मार्ग चला जावे ॥ अरु निरूप
क जो शास्त्र है ॥ सो अखेद मार्ग है ॥ अवर संसार निरूपक दुःखदायक मार्ग है ॥ एह जग
त असत रूप भ्रांत मात्र है ॥ जिस की बुद्धि इसी विषे है ॥ जो पद पदार्थ एह सुख रूप कों
हावे ॥ इस प्रकार संसार के विषयों की त्रिसना करता है ॥ सो अभागी है ॥ अरु जो आत्मवान पु
रुष है ॥ तिन कों जगत तृणवत तुच्छ भासता है ॥ जिस पुरुष के रिदे विषे परमात्मा
का चमतकार भया है ॥ सो इस ब्रह्मांड खंड लोक अरु लोकपालों कों तृणवत देखता है ॥ जै
से जीव अपदा कों त्यागते हैं ॥ तैसे उन के चित विषे स्वर्ग भी अपदा रूप त्यागणे योग है
ताते अंतर निश्चय आतमा विषे राखवा ॥ अरु वाह्य जैसा अपणा आचार है ॥ तैसे विवे
आचार विति क्रम न ही करणा ॥ अतिक्रम करि तो करि के शुभ कार्य भी अशुभ हो जाता है ॥
जैसे राहु दैत ने यद्यपि अमृत पान करणे का यतन कीया ॥ तो भी विति क्रम करणे क
रि मारीवे कदावत भया ॥ ताते शास्त्र अनुसार चेष्टा करणी कल्याण का कारण है ॥ सत
शास्त्र अरु संत जनों की संगत वडा प्रकाश करती है ॥ जो पुरुष इन का सेवन करता है ॥ सो
मोह अंधकूप को नहीं प्राप्त होता ॥ हे रामजी वैराग संतोष धीर्य उदारतादिक जो गुण हैं
हैं ॥ सो जिस के रिदे विषे प्रवेश करते हैं ॥ सो पुरुष परम संपदा पावता है ॥ अपदा उस कों न
ष्ट हो जाती है ॥ जो पुरुष शुभ गुणों करि संपन्न है ॥ अरु सत शास्त्र श्रवण विषे लगा है ॥ अ

हुस्सल वासना है ॥ सो पुरुष मनुष्य है ॥ अवर सर्व पशु है ॥ जिन पुरुषों कों वैराग संतोष धीर्या
दिक गुणों की चांदणी प्रसर रही है ॥ अरु विवेक रूप आकाश विषे विवेक रूप चंद्रमा प्रकाश
ता है ॥ तिन का शरीर न हीं मानो क्षीरसमुद्र है ॥ तिन के रिदे विषे विसनु विराजता है ॥ जो कछु
तिन भोगणा था ॥ सो सर्व भोग्या है ॥ जो कछु देखणा था ॥ सो देख्या ॥ वहुड भोगणे देखणे
की त्रिसना न ही रहती ॥ जिस पुरुष का यथा क्रम यथा शास्त्र आचार है ॥ अरु उदार चित
है ॥ तिस के रिदे सों भोगों की त्रिसना निवृत हो जाती है ॥ जिन पुरुषों के गुण आकाश विषे
सिद्ध देवता अपसरा गाइन करते हैं ॥ सो पुरुष जीवते हैं ॥ अवर सर्व मृतक हैं ॥ ताते परम पुरु
षार्थ का आश्रय करो ॥ जो परम सिद्धता कों पावो ॥ उह कवण वस्तु है ॥ जो शास्त्र अनुसा
र अनुद्वेग होइ करि पुरुषार्थ कीये ते न प्राप्त होवे ॥ अवश्य मेव प्राप्त होता है ॥ अरु यथा शा
स्त्र रूपा करे ॥ अरु चिरकाल हू तीत हो जावे ॥ सिद्ध न हो जावे ॥ तो भी उद्वेग न करे ॥ उह फल
अपक होइ करि विश्राम होवेगा ॥ जैसे वृक्ष सों फल चिरकाल पकइ होइ करि उतरता है ॥ तव
आधि का सिद्ध होता है ॥ अरु सुख दायक होता है ॥ यथा शास्त्र व्यवहार करणे हारा तिस
पद कों प्राप्त होता है ॥ जहां शोक भय यतन सर्व नष्ट हो जाते हैं ॥ परम शांत पावता है ॥ हे
रामजी मैं इसी वों वतन सम संसार रूप विषे मत गिरो ॥ एह संसार मिथ्या है ॥ तुम उदार बुद्धि
वाले हो ॥ उदार होवो ॥ अपणे पुरुषार्थ कों आश्रय करो ॥ अरु इस शास्त्र कों विचारो ॥ जैसे
रण विषे प्राण निकसणे लागे तो भागी ता न ही ॥ शास्त्रों कों पकडु करि युद्ध करता है ॥ तो
प्रम स्वपद प्राप्त होवे ॥ तैसे संसार रूप रण है ॥ तिस विषे पुरुष कों पुरुषार्थ ही अस्त्र है
सो शास्त्र कों विचारो ॥ जो कर्तव्य का है ॥ अरु अकर्तव्य का है ॥ जो विचार ते रहित है ॥ सो
दुरभाग दीनता अशुभ कों प्राप्त करणे हारी है ॥ महामोह रूप वचन निद्रा है ॥ तिस कों त्या
ग करि जागो ॥ पुरुषार्थ अंगीकार करो ॥ सो जरा मृत के शांत का कारण है ॥ अवर जे तो के
वल अर्थ है सो सर्व अनर्थ रूप है ॥ भोग सर्व रोगों के समान है ॥ संपदा सर्व अपदा रूप है
एह सर्व त्यागणे योग है ॥ सत मार्ग कों अंगीकार करि कै प्रयत्न पूर्वक आचार विषे विचरो
शास्त्र अरु लोकाचार दोनो अनुसार व्यवहार करो ॥ शास्त्र अनुसार कर्म करणे सुखदाइ
कहे ते हैं ॥ जिस पुरुष का शास्त्र अनुसार व्यवहार है ॥ ऐसा जो विवेक पुरुष है ॥ तिस के
से संसार दुःख नष्ट हो जाते हैं ॥ अरु यार वलवान अरु गुण लक्ष्मी वृध होती है ॥ जैसे वसं
त विषे की मंजरी प्रफुलत होती है ॥ तैसे उह प्रफुलत होता है ॥ इति श्री स्थितप्रकरणे
मुव्यालकटोपाख्याने सदाचार निरूपणं नाम सर्गः ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ हे रामजी सर्व सु
ख के देवणे हारा सर्व सुख का फल सर्व कों सर्व दा सर्व काल विषे अपणे कर्मों का फ
ल होता है ॥ जो उद्वेग ते रहित चेष्टा करते हैं ॥ ते दीनता एक सवो वर पर जाइ करि सदा शि
व का आराधना करते भया ॥ तिस करि सदा शिव जी प्रसन्न भये ॥ ताते उस मृत कों जीता ॥ अ
रु प्रथम ते ह्या सो ते दीनता नाम भया ॥ अरु मित्र वांधव सर्व कों सुखदेवणे हारा भया ॥
तो कछु करि भया ॥ अपणे शुभ यत्न करि कै ही भया ॥ अरु दैत शास्त्र के अनुसार यतन
करते हैं ॥ तो क्रम करि कै देवतों कों मारते हैं ॥ सो कैसे देवता हैं ॥ जो सर्व ते उत्कृष्ट वर्तते
हैं ॥ जैसे हस्ती मलों कों उखाडता है ॥ तैसे दैत देवतों कों उखाडते हैं ॥ सो अपणा ही पुरुषार्थ
है सो ॥ अरु मरुत राजा के यज्ञ विषे संवर्त नाम महा ब्रह्म आया ॥ तिस ने देवता दैत मनु
षादिक संयुक्त अपणी सृष्ट रचली ॥ मानो दूजी ब्रह्मा है ॥ तो ऐसी सृष्ट अपणे पुरुषा
र्थ ही करि रची ॥ अरु विश्वामित्र वारं वार तप कीया ॥ तप की आधिक्यता ते राजा ते ब्र
ह्म ऋष भया ॥ सो अपणे ही शुभ आचार करि हूआ ॥ हे रामजी एक दुरभाग ब्राह्मण
था ॥ उपमान तिस का नाम था ॥ तिस कों अपणे गृह विषे भोजन भी समान प्राप्त होवे
न वउस एक वे गृह ते भोजन कीया ॥ पिता संयुक्त दुग्ध वावल खंड से युक्त भोजन क

विकैगरहविषेआया ॥ वहरपिताकोंकहितेलागा ॥ मुझकोंउहीभोजनदेवो ॥ जोकुहांभ
लणकीयांथा ॥ तवपितासबांककैवावलअरुआटेकीरोटीकरिदीनी ॥ उसभोजनकीया
तवउसकोंतैसास्वादनआया ॥ तवपिताकोंकहा ॥ मुझकोंउहीभोजनदेवो ॥ जोकुहां
था ॥ पिताकहा ॥ हेपुत्रउह ॥ भोजनहमारेपासनही ॥ सदाशिवपास ॥ उहभोजनहै ॥ जब
